रूप मे अहमदाबाद क्षेत्र के लिए महानगरीय दैनिक जाल-तंत्र का व्यावहारिकता अध्ययन प्रारम्भ करने के लिए महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) को प्राधिकृत किया है। द्रुत परिवहन लाइन की लम्बाई और उसे पूरा करने मे लगने वाले समय का तभी पता चलेगा जब महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) द्वारा प्रारम्भ किया जाने वाला व्यावहारिकता अध्ययन पूरा हो जायेगा।

2. तदनुसार, महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) ने अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण मे अनुमानित रकम जमा करने के लिए कहा है ताकि वे सर्वेक्षण-कार्य प्रारम्भ कर सकें। अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण द्वारा अहमदाबाद क्षेत्र के लिए दैनिक सेवा की लाइन का तकनीकी-आर्थिक व्यावहारिकता सर्वेक्षण प्रारम्भ करने के प्रस्तावो पर अपनी स्वीकृति देते समय प्रस्तावित सर्वेक्षण के आधार पर परियोजना के वास्तविक कार्यान्वयन तथा वित्त-पोषण के सम्बन्ध मे योजना आयोग और रेल प्राधिकारियो की वचनबद्धता जानना चाहते थे। महानगर परिवहन परियोजना बम्बई सगठन ने अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण को सूचित किया है कि योजना आयोग से ऐसी वचनबद्धता की आशा रखना असामयिक होगा क्योकि दैनिक यात्री लाइन की आवश्यकता को तकनीकी-आर्थिक व्यावहारिकता सर्वेक्षण के माध्यम से सुस्थापित किया जाना होता है।

3 मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण ने जुलाई, 1981 में महानगर परिवहन परियोजना (रेलवे) को सूचित किया है कि यह प्रस्ताव उनके विचाराधीन है बशर्ते कि अहमदबाद नगर निगम कुल लागत की 70 प्रतिशत लागत वहन करे क्योकि 30 प्रतिशत राशि अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण द्वारा ही वहन की जायेगी बशर्तें कि राज्य सरकार इसकी स्वीकृति दे दे। यह मामला अभी भी अहमदाबाद नगर विकास प्राधिकरण के विचाराधीन है।

### भटिण्डा-गंगानगर ब्राड गेज लाईन को सूरतगढ़ से जोड़ना

*178. श्री कुंभा राम आर्य : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गंगानगर क्षेत्र की मंडियों का विकास करने की दृष्टि से भटिंडा-गंगानगर (बरास्ता अबोहर) ब्राड गेज लाईन को सूरतगढ जंक्शन ब्राड गेज लाइन से जोडने के बारे मे कोई योजना विचाराधीन है,

(ख) यदि हां, तो इस रेलवे लाईन के द्वारा मडी पदमपुर सहित किन-किन मडियों को जोडा जायेगा, और

(ग) यदि नही, तो उसके क्या कारण हैं ?

**रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :** (क) जी, नही।

(ख) प्रश्न नही उठता।

(ग) हिन्दुमालकोट के रास्ते अबोहर श्रीगंगानगर के साथ बडी लाइन द्वारा पहले से ही जोडा हुआ है। धन की अत्यधिक कमी के कारण पदमपुर के रास्ते श्रीगंगानगर से सूरतगढ तक नई लाईन का निर्माण करना व्यावहारिक नही होगा।

### फालोडी स्टेशन पर नमक के लदान के लिये माल डिब्बे

*179 श्री अशोक गहलोत : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या सरकार का ध्यान रेलवे अधिकारियों द्वारा फालोडी स्टेशन

(जोधपुर डिवीजन-उत्तर रेलवे) पर नमक के लदान के लिए माल डिब्बों के रजिस्ट्रेशन पर लगाए गए प्रतिबन्धों की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को क्षेत्र के नमक निर्माताओं से इस बारे में कोई ज्ञापन मिला है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार को यह भी पता है कि नमक निर्माताओं को इन प्रतिबन्धों के कारण भारी वित्तीय हानि उठानी पड़ रही है ;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार वे प्रतिबन्ध हटाने का है ; और

(ङ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख). जी हां ।

(ग) और (घ). जी नहीं ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

**Loss to Indians working in Somalia due to devaluation of currency there**

*180. SHRI MANPHOOL SINGH CHAUDHARY:
SHRIMATI SANYOGITA RANE:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Indais working in the various Government Departments in Somalia have been badly affected by the devaluation of Somali Shilling for homeward remittances;

(b) if so, the number of Indians working in Somalia who are feeling distressed by the devaluation;

(c) whether Government of India propose to intervene in the matter with the Somali Government; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): (a) and (b). A clear picture of the implementation of the dual exchange rate system introduced by the Government of Somalia in July 1981 is yet to emerge. There is, however, a possibility that the homeward remittances of Indians working in Somalia could be adversely affected. Approximately 200 Indians are working in Somalia in various capacities.

(c) and (d). The Government is acutely aware of the possible distress and adverse effect on Indian expatriates in Somalia in case the devalued rate of exchange is applied to their remittances. Our mission in Mogadishu has already taken up the matter with Somali authorities with a view to alleviating possible adverse consequences for Indian expatriates.

**ASIAD 1982 progress of construction**

1601. SHRI S. M. KRISHNA. Will the Minister of EDUCATION AND SOCIAL WELFARE be pleased to state:

(a) the progress made so far in the execution of various projects connected with the ASIAD, 1982 as on 1st August, 1981 and the total expenditure incurred on each of these projects;

(b) whether the expenditure incurred on these proejcts is being subjected to pre-audit and whether any special arrangements have been made or any agency has been set up in this behalf to avoid any malfeasance, fraud or misappropriation of public money;

(c) what check is being exercised on the pilferage of essential building materials like iron and steel, cement etc. from the work sites or godowns; and